C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:08 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:29 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 41 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 28 जुलाई 2025



अभिनेत्री हुमा कुरैशी का आज...पेज-3 पर

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः द्वितीय चरण में 4431 बूथों पर शुरू हुआ मतदान

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-के द्वितीय चरण के तहत जिला नैनीताल में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभ हो गई है। जिले के चार विकासखंड भीमताल, हल्द्वानी, कोटाबाग एवं रामनगर के कुल 522 मतदान केंद्रों पर सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हो गया है।

मतदाता उत्साहपूर्वक मतदान में भाग ले रहे हैं। निर्वाचन की पारदर्शिता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी बूथों पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को निर्बाध एवं निष्पक्ष बनाए रखने हेतु लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। वहीं हर बूथ पर पुलिस कड़ी चौकसी की गई है। दूसरे चरण में प्रदेश के 40 विकासखंडों में सुबह आठ बजे से मतदान शुरू हो गया है। 4431 बूथों पर पोलिंग पार्टियां मोर्चा संभाले हुए हैं। दूसरे चरण में कुल 21,57199 मतदाता वोट डालेंगे। अल्मोड़ा के सल्ट, स्याल्दे, भिकियासैंण, हवालबाग और द्वाराहाट, ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर, काशीपुर व जसपुर, चंपावत के चंपावत व बाराकोट, पिथौरागढ़ के विण, मूनाकोट, बेरीनाग व गंगोलीहाट, नैनीताल के हल्द्वानी, रामनगर, भीमताल व कोटाबाग, उत्तरकाशी के डुंडा, चिन्यालीसौड़ व भटवाड़ी, चमोली के पोखरी, दशोली, नंदानगर, कर्णप्रयाग व गैरसैंण, टिहरी के कीर्तिनगर, देवप्रयाग, नरेंद्रनगर व चंबा, देहरादून के डोईवाला, रायपुर व सहसपुर, पौड़ी के यमकेश्वर, जयहरीखाल, दुगड्डा, द्वारीखाल, पौड़ी, कोट व कल्जीखाल में। पहले चरण में दो जिलों बागेश्वर व रुद्रप्रयाग के सभी विकासखंडों में मतदान संपन्न हो चुका है।



### पहले चरण में महिलाओं ने जमकर किया मतदान

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में महिलाओं ने जमकर वोटिंग की। 49 विकासखंडों में हुए प्रथम चरण के पंचायत चुनाव में 68 प्रतिशत मतदान हुआ। खास बात ये है कि मतदान करने वालों में पुरुष मतदाता 63 प्रतिशत और महिला मतदाता 73 प्रतिशत रहीं। महिलाओं का गांव की सरकार चुनने को लेकर उत्साह देखकर राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारी भी उत्साहित हैं।

देखते ही देखते मच गई भगदड़...मची थी चीख पुकार

## मनसा देवी के बाद फिर दूसरा हादसा करंट के बाद मची भगदड़ दस की मौत

बाराबंकी/हरिद्वार
एजेंसी

मनसा देवी भगदड़ की घटना के बाद देर रात बाराबंकी के अवसानेश्वर मंदिर के बाहर गैलरी में लगे टिन शेड के पोल में करंट उतरने से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। लोग जान बचाकर भागने लगे। हादसे में दो युवाओं की मौत हो गई। जबकि 38 लोग घायल हो गए। इनमें सात की हालत नाजुक बनी हुई है।

यूपी के बाराबंकी में रविवार की आधी रात अवसानेश्वर मंदिर में बड़ा हादसा हो गया। मंदिर के बाहर गैलरी में टिन शेड में लगे लोहे के पोल में करंट आ गया। झटका लगा तो श्रद्धालुओं में भगदड़ जैसी स्थिति हो गई। हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि 38 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सावन के तीसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिर में आधी रात से ही भीड़ लगी थी। गोमती नदी में स्नान करके श्रद्धालु 12 बजे से ही मंदिर की तरफ बढ़ते गए और लाइन लगती गई। मंदिर परिसर और बाहर का क्षेत्र श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भर गया। आधी रात 1.30 बजे मंदिर के कपाट खुले तो श्रद्धालु बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ने लगे। करीब आधे घंटे बाद लगभग 2.00 बजे मंदिर के बाहर गैलरी में लगे टिन शेड के पोल में करंट उतर गया। झटका लगा तो श्रद्धालु बचाव के लिए पोल से दूर भागने लगे। भीड़ अधिक होने के कारण कुछ ही देर में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। सूचना पर पुलिस-प्रशासन राहत बचाव में जुटा। लोगों को समझाकर शांत किया जाता, तब तक अफरातफरी बढ़ गई थी।

देर रात बाराबंकी अवसानेश्वर मंदिर



मनसा देवी मंदिर में भगदड़ के बाद



### मनसा देवी भगदड़ में चार की हालत गंभीर

मनसा देवी भगदड़ में 45 लोग घायल हुए और आठ लोगों की मौत हुई है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी (शाम सात बजे) के मुताबिक ऋषिकेश एम्स में 15 घायल इलाज के लिए रेफर किए गए थे। इसमें आठ डिस्चार्ज हो गए। सात घायल भर्ती हैं, जिसमें चार की हालत गंभीर और तीन की स्थिर बनी हुई है। जिला अस्पताल हरिद्वार में 25 घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, इसमें 24 को डिस्चार्ज किया गया है और एक भर्ती है। मेला हास्पिटल हरिद्वार में पांच को भर्ती कराया गया था, पांचों को डिस्चार्ज कर दिया गया है। मनसा देवी मंदिर पैदल मार्ग पर रविवार की सुबह नौ बजे भगदड़ मच गई। हादसे में एक 10 साल के बालक सहित आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 28 लोग घायल हो गए। भीड़ के बीच कुछ दूरी पर फंसे एक चश्मदीद ने भी भीड़ का दबाव बढ़ने पर रास्ते में दीवारों पर लगी बिजली तारें पकड़ने पर करंट लगने का दावा किया है।

## छह जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, ऑरेंज अलर्ट

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में आज (सोमवार) भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत पौड़ी, टिहरी, नैनीताल, चंपावत और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आने वाले दिनों की बात करें तो 31 जुलाई तक राज्यभर में तेज दौर की बारिश होने की संभावना है। खासकर पर्वतीय इलाकों में, इसके अलावा तेज हवाएं चलने के भी आसार हैं।

इसके अलावा अन्य जिलों में भी कहीं-कहीं तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही बिजली चमकने के साथ तेज हवाएं भी चलेंगी। आने वाले दिनों की बात करें तो दो अगस्त तक प्रदेशभर में तेज दौर की बारिश होने की संभावना है।

### बार्डर रोड समेत 46 मार्ग बंद

राज्य में बारिश और भूस्खलन के चलते एक बार्डर रोड समेत 46 मार्ग बंद हैं। सबसे अधिक मार्ग उत्तरकाशी जिले में 11 बंद है। पिथौरागढ़ जिले में मिलम-मुनस्यारी बार्डर रोड समेत नौ मार्ग बंद है। इसके अलावा अल्मोड़ा तीन, चमोली आठ, देहरादून में पांच सड़क बंद है। इसके अलावा बागेश्वर, नैनीताल, पौड़ी, टिहरी, रुद्रप्रयाग में दो- दो मार्ग बंद हैं। इसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, ऊधम सिंह नगर, चंपावत और हरिद्वार जिले की स्थिति ठीक है, यहां पर कोई भी रास्ता बंद नहीं है।



## कंपनी के कर्मी से बाइक पर सवार तीन युवक मोबाइल छीन कर फरार

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

दुस्साहस
- सड़क किनारे ड्यूटी जाने के लिए बस की प्रतीक्षा में खड़ा था

थाना ट्रांजिट कैंप की चौकी आवास विकास क्षेत्र में बाईक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने एक युवक का मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। घटना की सूचना पीड़ित ने पुलिस को दी।

पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जगतपुरा निवासी हरीश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 9 जुलाई की रात करीब 10 बजे डड्यूटी के लिए आवास विकास एचडीएफसी बैंक के सामने साइड पर कंपनी की बस का इंतजार कर रहा था। इसी बीच अचानक एक बाईक पर सवार तीन लोग तेज गति से आए और उससे मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि घटना स्थल के आसपास कई सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। सीसीटीवी कैमरे में भी आरोपियों की पहचान हो सकती है। बताया कि उसने हड़बड़ाहट में बाईक का नंबर नहीं देख पाया। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई मांग की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के ऊमुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगे है।

## वोट डालने दिल्ली से गांव आ रहे व्यक्ति की मौत

**हल्द्वानी।** ग्राम के चुनाव में वोट डालने दिल्ली से अपने गांव आ रहे व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। रामपुर रोड के टांडा जंगल में एक अज्ञात वाहन ने युवक की कार को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार युवक पंचायत चुनाव में वोट देने के लिए दिल्ली से अल्मोड़ा स्थित अपने गांव आ रहा था। इस दौरान टांडा जंगल में सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शनिवार को अज्ञात वाहन ने युवक की कार को टक्कर मारी। मूल रूप से अल्मोड़ा के पाखुड़ा हवालबाग सोमेश्वर और हाल साउथ दिल्ली, अमृतपुरी-बी निवासी 35 वर्षीय विजय सिंह पुत्र हर सिंह कार से गांव आ रहे थे।

## एनएसएस ने सांस्कृतिक विरासत का डंका बजाया

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

राजकीय महिला महाविद्यालय हल्द्वानी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड राज्य की गौरवशाली परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का डंका बजाया है।

महाविद्यालय की स्वयंसेवियों ने विभिन्न राज्यों में आयोजित राष्ट्रीय शिविरों एवं युवा कार्यक्रमों में सहभागिता कर राज्य का नाम रोशन किया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी एवं एनएसएस प्रभारी डॉ. रितुराज पंत ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत माहों में देश के पाँच प्रमुख राज्यों मध्यप्रदेश, असम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र — में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर (ह्ड्डुह्लद्बश्ठ्ठड्डय द्धठ्ठह्लद्गद्दह्ड्डह्लद्बश्ठ्ठ ष्टड्डद्बश्च) एवं एडवेंचर कैंप में महाविद्यालय की स्वयंसेवियों ने उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया। हिमाचल प्रदेश में आयोजित एडवेंचर कैंप में भाग लेकर छात्राओं ने न केवल साहसिक गतिविधियों में दक्षता दिखाई, बल्कि अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का परिचय भी दिया। इसके साथ ही फरवरी माह में महाराष्ट्र में आयोजित नेशनल इंटीग्रेशन कल्चरल यूथ कैंप में महाविद्यालय की पाँच स्वयंसेवियों ने उत्तराखंडी लोक संस्कृति, वेशभूषा, नृत्य और पारंपरिक गीतों के माध्यम से अन्य राज्यों से आए प्रतिभागियों को उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराया। इस शिविर का आयोजन युवान एवं नेशनल यूथ प्रोजेक्ट द्वारा किया गया था। इसके अतिरिक्त दो स्वयंसेवियों को देहरादून में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह में उत्तराखंडी लोक संस्कृति को मंच पर प्रस्तुत करने के लिए महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। उक्त अवसर पर इन छात्राओं ने उत्तराखंडी लोकनृत्य एवं गीतों के माध्यम से महिलाओं की भूमिका एवं सांस्कृतिक मूल्यों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। वहीं हल्द्वानी में 38 वें राष्ट्रीय खेलों के होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओ में महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेवियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए महाराष्ट्र के पूर्व मा0 राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी, मा0 सांसद अजय भट्ट, मा0 खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्या द्वारा सम्मानित भी किया गया। डॉ. पंत ने बताया, हमारी एनएसएस इकाई की छात्राएं लगातार राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से महाविद्यालय और प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर रही हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. ए0के0 श्रीवास्तव ने भी 2024-25 की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की यह सफलता अनुकरणीय है। छात्राएं राज्य की संस्कृति की सशक्त वाहक बनकर देशभर में संदेश दे रही हैं।

# इलैक्ट्रोनिक फैक्ट्री में आग से करोड़ों का नुकसान

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



**घटना**

- मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया
- रविवार की सुबह तड़के एक चाय वाले ने कंपनी से धुआं निकलते देखा

रविवार की तड़के किच्छा बाईपास रोड़ ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थित एक इलैक्ट्रोनिक पार्ट्स बनाने वाली फैक्ट्री में अज्ञात कारणों से आग गई। आग से फैक्ट्री में रखा करोड़ों रूपये का सामान व मशीने जलकर नष्ट हो गईं। सूचना मिलने पर दमकल विभाग के करीब आधा दर्जन वाहनों से आये दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार किच्छा बाईपास रोड़ पर भारत इंजीनियरिंग नाम से एलईडी बल्व, इलैक्ट्रांनिक पैनल व अन्य स्पेयर पार्ट्स बनाने की फैक्ट्री है। रविवार सुबह लगभग 4 बजे फैक्ट्री के पास चाय बेचने वाले व्यक्ति ने फैक्ट्री से धुआं निकलते देखा। जिस पर उसने फैक्ट्री स्वामी सुनील सोनी को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही सुनील परिजनों के साथ आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। फैक्ट्री परिसर में आग की लपटें निकल रही थी । उन्होंने घटना की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी। सूचन पर दमकल विभाग के रूद्रपुर, पंतनगर, सिडकुल की कम्पनियों के दमकल वाहनों से कर्मी सीनियर फायर आफीसर महेश चन्द्र की अगुआई में मौके पर पहुंचे, तब तक आग ने फैक्ट्री परिसर को अपनी चपेट में ले लिया था। जिसके बाद दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। बताया जा रहा है कि दमकल कर्मियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री स्वामी सुनील सोनी ने बताया कि अग्निकांड की इस घटना में उन्हें लगभग ढ़ाई से तीन करोड़ रूपयों का नुकसान होने की सम्भावना है। आग से फैक्ट्री परिसर में रखा जहां करोड़ों रूपयों का सामान जलकर नष्ट हो गया है तो वहीं मशीनें, कम्प्यूटर, फर्नीचर बिल्डिंग आदि को भी भारी नुकसान पहुंचा है। तैयार इलैक्ट्रिक सामान की सिडकुल की कई कम्पनियों आदि स्थानों को सप्लाई करते हैं साथ ही फुटकर भी बेचते हैं। आग बुझाने वाले दमकल कर्मियों में रूद्रपुर फायर स्टेशन के चन्द्र प्रकाश, धीरज सिंह फर्त्याल, नरेश कुमार, प्रकाश पांडे, नवीन सिंह, प्रशांत सिंह, सीमा धामी, गौरी बघरी,मंजू, पंतनगर यूनिट के हरीश गुसांई, गिरीश बिष्ट, गरिमा रावत, आरती, पूनम आदि शामिल थे।

## NEWS / फटाफट

### 1742परीक्षार्थियों में से 654 परीक्षार्थी उपस्थित

**नैनीताल ।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग हरिद्वार द्वारा महाधिवक्ता कार्यालय उच्च न्यायालय नैनीताल में समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी पदों के लिए प्रारंभिक परीक्षा रविवार को हल्द्वानी शहर के चार परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई। यह परीक्षा प्रात: 100 बजे से अपराह्न 10 बजे तक आयोजित की गई। शैलेंद्र सिंह नेगी नोडल अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा अवगत कराया गया कि पंजीकृत 1742परीक्षार्थियों में से 654 परीक्षार्थी उपस्थित हुए । सभी चारों परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

### प्रो. लोहनी ने किया कुलपति का कार्यभार ग्रहण




**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविद्यालय की रामगढ़ स्थित महादेवी वर्मा सृजन पीठ की कार्यकारिणी के सदस्य और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी द्वारा उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के कुलपति का कार्यभार ग्रहण किए जाने पर महादेवी सृजन पीठ के निदेशक एवं डीएसबी परिसरए नैनीताल के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. शिरीष कुमार मौर्य और पीठ समन्वयक मोहन सिंह रावत ने प्रसन्नता व्यक्त की है तथा उन्हें अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रो. मौर्य ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रो. लोहनी के दिशा-निर्देशन में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर तथा चहुंमुखी विकास करेगा। पीठ समन्वयक मोहन सिंह रावत ने कहा कि देश.विदेश में हिंदी के संवर्धन और संरक्षण में प्रो. लोहनी का महत्वपूर्ण योगदान है साथ ही मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने का उनका व्यापक अनुभव है जिसका लाभ उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय को मिलेगा।

### छात्र करुण ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की



**नैनीताल ।** नगर के समीपवर्ती खुर्पाताल निवासी मेधावी छात्र करुण कुमार ने राजनीति विज्ञान विषय से यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। बता दें वर्ष 2023-24 में करु ण कुमार ने द पाइन क्रेस्ट स्कूल नैनीताल में स्कूल के निदेशक संतोष कुमार के दिशा निर्देशन में स्कूल में भी अपनी अहम सेवाएं दी हैं। इस बीच करुण कुमार की इस उपलबधि पर उनके शुभचिंतकों समेत संतोष कुमार ने भी खुशी जताते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### वृंदावन पब्लिक स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता आयोजित



**नैनीताल।** वृंदावन पब्लिक स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता आयोजित। नृत्य प्रतियोगिता में नन्हें बच्चों ने बढ़े उत्साह के साथ मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बच्चों की सुंदर वेशभूषा, उनकी तैयारी और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति इस बात का प्रमाण थी कि अभिभावकों ने हर स्तर पर सक्रिय भागीदारी निभाई। रंग-बिरंगे सजावटी सामान से सजाया गया, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो गया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन अलोक साह ने इस आयोजन की सफलता में अभिभावकों की अहम भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने न सिर्फ़ बच्चों को मंच के लिए तैयार किया, बल्कि उन्हें आत्म-विश्वास और रचनात्मकता के साथ आगे बढ़ने का अवसर भी दिया। इस तरह के आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इस दौरान प्रधानाचार्य राखी साह ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि सहशैक्षणिक क्रियाएं बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं।



# नियमितीकरण को 387 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं - गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन रविवार को 387 वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने् के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए -पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत रविवार को उनके नेतृत्व में गुरना देवी मंदिर परिसर में पांचवी वाटिका बनाकर उसमें विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। उनके द्वारा अब तक धमौड हनुमान मंदिर से घाट तक राष्टीय राजमार्ग में सडक़ के किनारे बंजर भूमि में चार वाटिकाएं बनाई जा चुकी हैं और यह क्रम जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पौधारोपण आंदोलन के तहत कुमाऊं व गढ़वाल मंडल में कई जगह पौधारोपण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पर्यटकों, जन्मदिन तथा सालगिरह व विवाह समारोह व शुभ कार्यों को पौधारोपण आंदोलन से जोड़ते हुए पौधारोपण किया जा रहा है। उनके पौधारोपण आंदोलन को जन सहयोग भी मिल रहा है।

# पर्यावरण संरक्षण को नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग पर पौधरोपण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

लेक सिटी वेलफेयर कलब द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वह्न करते हुए पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए रविवार को नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग पर भूमियाधार के समीप पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के मुखय अतिथि किशोर चंदोला ने कहा कि पौधे हमें ऑकसीजन देते हैं, पौधे लगाने के साथ-साथ ही हमारा कर्तव्य इनकी रक्षा करने का भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधे लगाओ- धरा बचाओ अभियान वर्ष पर होना चाहिए। उन्होंने लेक सिटी कलब से इस अभियान में बढ़ चढक़र भाग लेने की अपील की।

इस दौरान वन रेंजर आनंद लाल आर्य ने कहा कि यह कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत किया गया है। कार्यक्रम में चिनार, मोरपंखी, पद्म ,सुनहरी आदि के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में बी. डी. कांडपाल, राजकुमार गुप्ता, संतोष शाह, कलब की अध्यक्ष आभा शाह सहित कविता त्रिपाठी, विनीता पांडे, रानी शाह, हेमा भट्ट, जीवंती भट्ट, गीता शाह, मीनाक्षी कीर्ति, दीपा पांडे, रमा भट्ट, दीपिका बिनवाल, कंचन जोशी, रेखा जोशी, मीनू बुधलाकोटी, रेखा जोशी, संगीता श्रीवास्तव,डा. प्रगति जैन, मधुमिता, रमा तिवारी, अनुराधा भट्ट मौजूद रहे।




**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक: स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# विपुल अग्रवाल अध्यक्ष कनव महामंत्री

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

महाराजा अग्रसेन युवा समिति (रजि) हल्द्वानी की एक आम चुनावी सभा संपन्न हुई। सर्वप्रथम अध्यक्ष विपुल अग्रवाल ने सत्र 2023 25 के कार्यकारिणी द्वारा किए गए प्रमुख कार्य का ब्यूरा दिया जिसमें मीरा मार्ग स्थित बंद पड़े प्याऊ का जीर्णोधार, समिति का रजिस्ट्रेशन रिन्यू, बंद पड़े बैंक अकाउंट का चालू करना, ब्लड डोनेशन कैंप, सबसे बड़ा सदस्यता अभियान, आदि। इसके पश्चात कोषाध्यक्ष लव मित्तल ने 2 वर्ष का वित्तीय लेखा-जोखा आमसभा में प्रस्तुत किया। इसके पश्चात चुनाव अधिकारी भगवान सहाय अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल और नीरज प्रभात गर्ग ने चुनाव संपन्न कराया जिसमें सर्वसम्मति से विपुल अग्रवाल को पुन अध्यक्ष चुना गया। कनव अग्रवाल को सर्वसम्मति से पुन: महामंत्री चुना गया। ऋषभ बंसल को कोषाध्यक्ष पद के लिए चुना गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजीव अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सरिल गोयल, अभिनव अग्रवाल, डॉ पंकज अग्रवाल, अतिन अग्रवाल, तुषार मित्तल, शुभम अग्रवाल, कुशाग्र अग्रवाल, दिव्यम अग्रवाल, अभिषेक गर्ग उपस्थित रहे।



# 10वीं वाइनबर्ग एलेन बिजनेश क्विज इंटर स्कूल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शेरवुड के छात्र हर्ष का कब्जा





**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मसूरी में आयोजित 10 वीं वाइनबर्ग एलेन बिजनेश क्विज इंटर स्कूल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शेरवुड कॉलेज के छात्र हर्ष अग्रवाल उत्कृष्ट प्रदर्शन ट्रॉफी में कब्जा जमाया जबकि इसी विद्यालय के आयुष गर्ग और निमिश राज ने बिजनेस क्विज का पुरस्कार अपने नाम किया। प्रतियोगिता में देशभर के 49 स्कूल शामिल हुए थे। प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने बताया कि पबलिक स्कूलों की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शेरवुड के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन करना नगर व विद्यालय के लिए गौरव की बात है। रविवार को जीतकर लौटी टीम का विद्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में बिशप कॉटन स्कूल बंगलुरू, दून स्कूल देहरादून, मेयो कॉलेज अजमेर, ला मार्टिनियर स्कूल लखनऊ, शेरवुड कॉलेज नैनीताल, व्यानबर्ग एलेन, व्हेलस बॉयज एंड गर्ल स्कूल, टैगोर इंटरनेशनल स्कूल दिल्ली तथा मसूरी इंटरनेशनल समेत कई अन्य देश के नामी पबिलक स्कूलों ने प्रतिभाग किया। कहा कि विद्यालय द्वारा दो बड़े पुरस्कार अर्जित करना गौरव की बात है जिसे लेकर विद्यालय में जश्न का माहौल रहा। इस अवसर पर शिक्षक हेम चंद्र पांडे, एपी सिंह, वित्त प्रबंधक बासु साह समेत शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

# अभिमत



## भारतीय व्यंजन

*सच यह है कि स्वास्थ्य के लिए घातक जंक फूड वाली कंपनियां भारतीय व्यंजनों के खिलाफ सुनियोजित साजिश रच रही हैं। दीपावली, होली, रक्षाबंधन जैसे पर्वों पर भारत की मिठाइयों को मिलावटी बताकर हानिकारक केमिकल से बनी चॉकलेट, डिब्बा बंद मिठाई उपहार में देने का चलन मल्टीनेशन कंपनियों ने शुरू करके लूट का धंधा बना लिया है। पिछले करीब दो दशक से बर्गर, पिज्जा, मोमोज, चाऊमीन, सैंडविच, पेटीज आदि से करोड़ों लोग बीमार हो रहे हैं, जबकि अनेक तरह की पकोड़ी, जलजीरा और सौंठ के गोलगप्पे, आलू की टिक्की, दही बड़े आदि स्वादिष्ट के साथ स्वास्थ्यवर्धक होते हैं।*

सोशल मीडिया पर भारत के पारंपरिक व्यंजन समोसा और जलेबी को सिगरेट की तरह हानिकारक होने के समाचार से पूरे देश में सनसनी फैल गई। समोसा और जलेबी की दुकानों पर चेतावनी का बोर्ड लगाने की सलाह दी गई, जबकि स्वास्थ्य मंत्रालय ने ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया है। समोसा, जलेबी, लड्डू दशकों से भारत के साथ ही विदेश में भी स्वादिष्ट व्यंजन हैं। सच यह है कि स्वास्थ्य के लिए घातक जंक फूड वाली कंपनियां भारतीय व्यंजनों के खिलाफ सुनियोजित साजिश रच रही हैं। दीपावली, होली, रक्षाबंधन जैसे पर्वों पर भारत की मिठाइयों को मिलावटी बताकर हानिकारक केमिकल से बनी चॉकलेट, डिब्बा बंद मिठाई उपहार में देने का चलन मल्टीनेशन कंपनियों ने शुरू करके लूट का धंधा बना लिया है। पिछले करीब दो दशक से बर्गर, पिज्जा, मोमोज, चाऊमीन, सैंडविच, पेटीज आदि से करोड़ों लोग बीमार हो रहे हैं, जबकि अनेक तरह की पकौड़ी, जलजीरे और सौंठ के गोलगप्पे, आलू की टिक्की, दही बड़े आदि स्वादिष्ट के साथ स्वास्थ्यवर्धक होते हैं। अधिक वसा वाले खाद्य पदार्थों का इस्तेमाल कम करने की सलाह चिकित्सक हमेशा देते हैं। मिष्ठान की दुकानों, मावा, पनीर, घी, मक्खन आदि खाद्य पदार्थों के उत्पादकों के प्रतिष्ठानों पर खाद्य विभाग के अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करके नमूने जांच के लिए भेजते हैं और मिलावट पाये जाने पर कार्रवाई की जाती है। जलेबी में चीनी की मात्रा अधिक होती है, परन्तु ज्यादातर लोग दूध और रबड़ी के साथ खाते हैं तो चीनी का प्रभाव कम हो जाता है। दूध के साथ जलेबी पौष्टिक आहार माना जाता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि समोसा और कुछ अन्य व्यंजन ज्यादा तले होने से वसायुक्त हो जाते हैं। अधिक मात्रा में खाने से रोग की आशंका होती है। बीमार होने की आशंका तब होती है जब कोई वसायुक्त पदार्थ खाने का आदी हो जाये। जंक फूड तो कम मात्रा में खाने पर ही हृदय, गुर्दा और फेफड़ों को हानि पहुंचाते हैं। सिगरेट और तम्बाकू का सेवन करने वालों की तरह जंक फूड की बुरी लत हो जाती है। सिगरेट, तम्बाकू जैसे नशीले पदार्थों पर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक जैसी चेतावनी की तरह जंक फूड पर चेतावनी का प्रावधान होना चाहिए। युवा वर्ग आलसी होने के कारण भोजन और व्यंजन बनाने से कतराता है और जंक फूड को बढ़ावा मिल रहा है। जंक फूड की हानि को बताने के लिए स्कूलों में कार्यक्रम होने चाहिएं।

# अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल स्थापना दिवस मनाया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल संपूर्ण भारत उत्तराखंड का छठवां स्थापना दिवस एवं शपथ ग्रहण समारोह नगर निगम सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रुप में नगर निगम के मेयर गजराज सिंह बिष्ट, विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री बालाजी मंदिर के महंत व्यवस्थापक पूरन चंद पाठक, अग्रहरि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, पूर्व अपर अधिवक्ता बिंदेश गुप्ता ,आलू फल व्यापारी संगठन के अध्यक्ष कैलाश जोशी जयसवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष गंगा प्रसाद जायसवाल मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष जीवन सिंह कार्की व संचालन राष्ट्रीय सचिव उत्तराखंड प्रभारी अतुल कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष दीप्ति चुफाल ने संयुक्त रूप से किया। एकता उद्योग व्यापार मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों को मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने गोपनीयता की शपथ दिलवाई। शपथ लेने वालों में गोपाल भट्ट प्रदेश महासचिव, प्रकाश दुबे प्रदेश उपाध्यक्ष, हितेश मटियानी प्रदेश सचिव, अरविंद जायसवाल प्रदेश उपाध्यक्ष, विजय श्री बिष्ट प्रदेश महिला प्रभारी, बीनू जायसवाल महिला प्रदेश



अध्यक्ष, वर्षा आर्य महिला प्रदेश महामंत्री, नेहा नाज महिला प्रदेश उपाध्यक्ष, हुस्न तारा महिला प्रदेश सचिव, अंकित पाल युवा प्रदेश अध्यक्ष, हसीन अंसारी व नरेश तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष, चंदन पांडे, कमल पाल, हर्षित पाल सचिव, राहुल भट्ट उप सचिव, राजेंद्र प्रसाद जायसवाल जिलाध्यक्ष, चंदन सिंह बिष्ट उपाध्यक्ष, राघवेंद्र चौहान संगठन महासचिव, विजय जायसवाल मंडी प्रभारी, चित्रेश गुप्ता उपाध्यक्ष, विनोद वर्मा उपसचिव, मनोज मनमानी सचिव, चित्रेश जायसवाल सचिव, मनोज कुमार उपाध्यक्ष रुद्रपुर, सोनू बेलवाल युवा जिलाध्यक्ष, मोहित तिवारी युवा महामंत्री, दीपक साहू सचिव, अजय डंगवाल मुखानी मंडल अध्यक्ष, भरत बगडवाल महामंत्री मुखानी मंडल, सुशील साहू युवा नगर अध्यक्ष मौजूद थे।

इस मौके पर महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि शहर के किसी भी व्यापारी की कोई भी समस्या हो वह सीधे मुझसे संपर्क कर करता है। हर समस्या का समाधान आंदोलन नहीं होता। इसलिए किसी की भी कोई समस्या है वह समस्या को बैठकर सुलझाने का पूराप्रयास किया जाएगा किसी भी प्रकार किसी भी व्यापारी या उपभोक्ता का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा और व्यापारी हित में उनके साथ काम करेंगे। पुरनचंद पाठक ने कहा की व्यापार मंडल संगठन सभी छोटे बड़े व्यापारियों को साथ लेकर कार्य करें और किसी भी छोटे व्यापारी का उत्पीड़न न होने दिया जाए सुभाष गुप्ता जी ने कहा कि अगर व्यापारी एकजुट होकर कार्य करेंगे तो उनकी हर समस्या का समाधान बहुत जल्द होगा क्योंकि एकता में ही शक्ति है अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल का नाम है इस रूप में वहां उत्तराखंड में कार्य करें कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जीवन सिंह कार्की ने कहा कि व्यापारी हितों के लिए उनके साथ संगठन हमेशा छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों के साथ खड़ा है राष्ट्रीय प्रभारी अतुल कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का और पदाधिकारी सदस्यों का आभार प्रकट किया

कार्यक्रम में संगठन महासचिव भूपेश बिष्ट राष्ट्रीय महासचिव पूजा सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीप्ति चौहान उमेश जोशी पंकज अग्रवाल, दलजीत सिंह दक्षी, दीपा जायसवाल केतन जायसवाल पंकज पांडे आदित्य मोहित पाल कमल पाल सोनू बेलवाल चित्रेश गुप्ता सुरेश पांडे हर्षित पाल ललित मोहन पांडे अनिल पाल मोहित तिवारी नरेश तिवारी नितिन तिवारी मोहम्मद जिलानी अंसारी चंदन सिंह बेस्ट मुन्नी देवी टी एस भंडारी मोहम्मद हसीन अंसारी वैभव गुप्ता गोपाल त्रिपाठी दीपक नेगी आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत आज से

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी परिसर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत आज 28 जुलाई से होने जा रही है। विश्वविद्यालय नए छात्रों के लिए पूरी तरह तैयार है और सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं।

सत्र की शुरुआत एक रोचक इंडक्शन प्रोग्राम से की जाएगी, जिसका उद्देश्य नवागंतुक छात्रों को परिसर के वातावरण, शैक्षणिक प्रणाली और उपलब्ध सुविधाओं से परिचित कराना है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ संकाय सदस्यों के संबोधन, ओरिएंटेशन सत्र, प्रेरणादायक वक्तव्य और सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल होंगी, जो छात्रों को आत्मीयता और अपनापन महसूस कराएंगी। विश्वविद्यालय के अधिकारी और शिक्षाविद् छात्रों को परिसर में उपलब्ध विभिन्न अवसरों और संसाधनों की जानकारी देंगे और उन्हें उत्कृष्ट शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करेंगे।

# हर-हर महादेव की गूंज, सीएम धामी ने पत्नी संग की पूजा-अर्चना

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

सावन सोमवार के पावन पर्व पर प्रदेशभर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिली। हर कोई जल कलश लेकर 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक करने पहुंचा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी पत्नी गीता धामी संग जलाभिषेक किया। उन्होंने भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की। उधर श्रीनगर के कटकेश्वर महादेव मंदिर में भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जलाभिषेक के लिए मंदिर में विशेष व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा की और भगवान शिव से अपने कष्टों के निवारण की प्रार्थना की।

देहरादून के धर्मपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भी सुबह से ही शिवभक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने शिवलिंग पर जल व बेलपत्र चढ़ाकर भोलेनाथ का अभिषेक किया। शिव नाम के जयकारों से श्रद्धालुओं ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आराघर स्थित पंचायती मंदिर में भी शिवभक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव से जलाभिषेक किया। मंदिर समिति की ओर से विशेष पूजा का आयोजन किया गया। सावन का यह पावन पर्व शिवभक्ति की भावना को और गहरा कर देता है। हर सोमवार को लोग व्रत रखकर शिवालयों में जल चढ़ाने पहुंच रहे हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत, साथी गंभीर, रेफर

**रुद्रपुर।** बीती रात नैनीताल रोड पर हल्द्वानी से लौट रहे बाईक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे को गंभीर हालत में अन्यत्र रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस आरोपी चालक की मय वाहन के तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक ट्रांजिट कैंप जगतपुरा निवासी 18 वर्षीय अमन सिंह पुत्र कमल सिंह अपने साथी थल, पिथौरागढ़ निवासी बाबी पुत्र राजेंद्र राम के साथ बाईक से रविवार शाम हल्द्वानी गया हुआ था। उनके साथ एक अन्य बाईक में दो अन्य साथी भी थे। रात 10 बजे के आसपास दोनों ही बाईक से वापस लौट रहे थे। नैनीताल रोड स्थित फ्लाईओवर से आगे वन विभाग की चौकी के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाईक में टक्कर मार दी।

# फिल्मी दुनिया

## अभिनेत्री हुमा कुरैशी का आज है 39वां जन्मदिन



*हुमा कुरैशी, बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री हैं। वह अक्सर अपनी निजी जिंदगी को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी आज अपना 39वां जन्मदिन मना रही हैं। बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी अपनी दमदार एक्टिंग के साथ-साथ सेट पर अपने मजेदार और दिलचस्प किस्सों के लिए भी जानी जाती हैं। हुमा का जन्म 28 जुलाई 1986 को नई दिल्ली में एक मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके पिता सलीम कुरैशी दिल्ली में सलीम्स रेस्टॉरेंट के मालिक हैं, जबकि उनकी मां अमीना कुरैशी एक गृहिणी हैं। उनके भाई साकिब सलीम भी अभिनेता हैं। हुमा ने अपने करियर की शुरुआत थिएटर और विज्ञापनों से की थी। 2012 में अनुराग कश्यप की फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से उन्हें बॉलीवुड में पहचान मिली। इस फिल्म के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन भी मिला। उनकी वेब सीरीज महारानी में रानी भारती का किरदार खूब पसंद किया गया। वह न केवल एक्टिंग बल्कि लेखन और प्रोडक्शन में भी माहिर हैं। हुमा ने हाल ही में अपनी सुपरहिट वेब सीरीज 'महारानी' के चौथे सीजन के सेट से एक खास तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में वह काले रंग की ड्रेस में एक क्रू मेंबर के साथ चलती नजर आईं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, टीम महारानी वापस आ गई है। मेरी निर्माता साहिबा डिंपल खरबंदा की ओर से क्लिक की गई तस्वीर। मेरे प्यारे दर्शकों, आपके प्यार के लिए धन्यवाद। इस पोस्ट ने फैंस को इतना उत्साहित किया कि उन्होंने कमेंट्स में शो के नए सीजन का बेसब्री से इंतजार जताया।*

### ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी छाई

*उनकी वेब सीरीज महारानी में रानी भारती के किरदार को दर्शकों और आलोचकों ने खूब पसंद किया। इसके अलावा लीला और मिथ्या- द डार्कर चैप्टर में भी उनकी एक्टिंग ने लोगों का ध्यान खींचा। हुमा न केवल अपनी एक्टिंग बल्कि अपने स्टाइल और फैशन सेंस के लिए भी चर्चा में रहती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें अक्सर वायरल होती हैं। वह एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो हर किरदार को बखूबी निभाती हैं, फिर चाहे वह फिल्म हो या वेब सीरीज।*

# होटल में बच्ची के साथ रह रही महिला से अश्लील हरकतें और दुष्कर्म करने की धमकी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

शहर के एक होटल में रह रही महिला के साथ अश्लील हरकतें, गाली-गलौज और दुष्कर्म की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने होटल मैनेजर, कर्मचारी समेत चार अज्ञात और उसके पति के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि यह पूरी घटना सुनियोजित साजिश के तहत उसके पति की शह पर अंजाम दी गई। एक महिला का अपने पति प्रदीप से पारिवारिक विवाद चल रहा है। इसी कारण वह गत कुछ समय से अपनी डेढ़ वर्षीय बच्ची के साथ रुद्रपुर स्थित एक होटल में रह रही है, जो उसी के पति का होटल है। महिला का आरोप है कि 26जुलाई 2025 की रात होटल मैनेजर नितिन, कर्मचारी विशाल ने एक साजिश के तहत चार अज्ञात युवकों को होटल के सामने वाले कमरे में बुलाया। आरोप है कि इन युवकों ने उसे बहाने से कमरे से बाहर बुलाने का प्रयास किया और मना करने पर उसके कमरे का दरवाजा पीटते हुए अश्लील बातें और गाली-गलौज की। पीड़िता का कहना है कि होटल मैनेजर और उन युवकों ने दरवाजे के बाहर खुलेआम धमकी दी कि आज इसे नहीं छोड़ेंगे, इसके साथ दुष्कर्म करके ही दम लेंगे। महिला ने भयवश दरवाजा बंद कर लिया और रातभर सहमी रही। अगली सुबह चारों युवक होटल छोड़कर चले गए। यह पूरी घटना होटल के सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई है। महिला का आरोप है कि उसके पति प्रदीप ने ही इस साजिश को रचवाया है। वह होटल प्रबंधन के साथ मिलकर न केवल उसका उत्पीड़न कर रहा है, बल्कि होटल के माध्यम से कथित रूप से अनैतिक कार्यों को भी बढ़ावा दे रहा है। पीड़िता ने खुद को अपने पति और होटल कर्मचारियों से जान का खतरा बताया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति प्रदीप, होटल मैनेजर नितिन, कर्मचारी विशाल एवं चार अज्ञात युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी और एसएसपी ने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का किया निरीक्षण, चुनाव सुरक्षा पर विशेष फोकस

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी नितिन भदौरिया और एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने रुद्रपुर पुलिस कार्यालय के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (सीसीटीवी कंट्रोल रूम) का गहन निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जिले में स्थापित सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेना और यह सुनिश्चित करना था कि चुनाव के दृष्टिगत भी कानून व्यवस्था प्रभावी ढंग से बनी रहे। कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की भूमिका यह कमांड एंड कंट्रोल सेंटर पूरे जनपद की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण तंत्र है। यहां लगे आधुनिक सीसीटीवी कैमरों से चौबीसों घंटे पैनी नजर रखी जाती है। यह केंद्र किसी भी आपात



स्थिति,अपराध,संदिग्ध गतिविधि या चुनावी माहौल में गड़बड़ी पर तत्काल प्रतिक्रिया देने के लिए पुलिस को जरूरी जानकारी मुहैया कराता है।

**सुरक्षा व्यवस्था का जायजा और मौजूदा निगरानी:** निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पुलिस द्वारा की गई चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की निगरानी,डेटा रिकॉर्डिंग, त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र की कार्यप्रणाली को समझा। अधिकारियों ने यह भी जांचा कि किसी भी अप्रिय घटना या चुनावी हिंसा से निपटने के लिए पुलिस कितनी तैयार है और विभिन्न स्थानों पर तैनात सुरक्षा कर्मियों के साथ समन्वय कैसे स्थापित किया जाता है।

**1300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से निगरानी:** वर्तमान में 1300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे निगरानी की जा रही है।डीएम ने सराहना की। उन्होंने इस प्रभावी निगरानी प्रणाली को अपराध नियंत्रण और निष्पक्ष चुनाव के लिए कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण बताया।

पैनी नजर और निगरानी के मुख्य बिंदु डीएम और एसएसपी ने विशेष रूप से सीसीटीवी के माध्यम से रखी जा रही पैनी नजर पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह तकनीक अपराधों को रोकने और अपराधियों की पहचान करने में बेहद अहम भूमिका निभाती है। इस प्रणाली से भीड़भाड़ वाले इलाकों, संवेदनशील स्थानों, प्रमुख चौराहों और चुनावी गतिविधियों वाले क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, जिससे किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि को तुरंत पकड़ा जा सके। इसका खास ध्यान महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और अवांछनीय तत्वों पर कड़ी नजर रखने के साथ-साथ चुनाव संबंधी शांति भंग करने वाले तत्वों पर भी है।

## भविष्य की योजनाएँ, दिशा निर्देश और कर्मियों से संवाद

निरीक्षण के बाद दोनों अधिकारियों ने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के कर्मचारियों और संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने, तकनीकी उन्नयन की संभावनाओं और त्वरित प्रतिक्रिया समय को बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा की। भविष्य में, सीसीटीवी की संख्या को बढ़ाकर 2500 तक किया जाएगा, जिससे निगरानी तंत्र को और मजबूती मिलेगी। डीएम ने सीसीटीवी/डायल 112 में तैनात कर्मचारियों से सीधी बातचीत कर उनके कार्य और चुनौतियों को समझा। जिला प्रशासन और पुलिस जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के साथ-साथ निर्बाध चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## News कॉर्नर

### जमीन का मौका मुआयना करने गए लोगों पर लाठी डंडों से हमला

**हल्द्वानी।** जमीन का मौका मुआयना करने गए लोगों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया जिससे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी सूचना 112 पर पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने हमला करने वालों को पकड़ कर चौकी लाया गया पीड़ित ने हमलावरों के खिलाफ तहरीर सौंप कर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है पुलिस में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी देवलचोड खाम रामपुर रोड निवासी मनोहर सिंह संगुड़ी पुत्र रतन सिंह अपने दोस्तों अंकुश लाल प्रताप और प्रवीण पाल के साथ रामपुर रोड बिलरी पेट्रोल पंप के समीप अपनी भूमिका मुआयना करने के लिए गए थे इसी बीच अमरजीत सिंह गुरलाल सिंह मुख्तार सिंह सहित अन्य तीन लोगों ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया इतना ही नहीं जब इसका विरोध किया तो हम लोगों ने पिस्टल निकाल कर पीड़ितों के ऊपर तान दी जिससे पीड़ित घबरा गए।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में बीते दिनों दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों मामलों में परिजनों की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस दोनों मामलों की गहनता से जांच कर रही है। 24 जुलाई की सुबह करीब 6:30 बजे, हेमा पन्त पत्नी हरीश पन्त, निवासी गोल्डी बिहार सर्विस रोड, तीनपानी हल्द्वानी, अपनी स्कूटी से चौधरी रणवीर सिंह सरस्वती शिशु मंदिर, गौजाजाली में अध्यापन कार्य के लिए जा रही थीं। मिलन बैंक्वेट हॉल और जनता पेट्रोल पंप के बीच, बरेली रोड पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार और लापरवाह डंपर ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के कारण हेमा पन्त सड़क पर गिर गईं और डंपर के पहियों के नीचे आ गईं। गंभीर रूप से घायल अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उनकी हालत गंभीर देखते हुए चन्दन अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान 25 जुलाई को उनकी मृत्यु हो गई। पीड़िता के दामाद ने रिपोर्ट में बताया कि हादसे के बाद डंपर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। परिजनों के अनुसार, वह सदमे में होने और अंतिम संस्कार में व्यस्त होने के कारण तहरीर 27 जुलाई को दर्ज करवा सके। दूसरा हादसा 27 जुलाई की तड़के 3:25 बजे हुआ, जब एक कार दिल्ली से अल्मोड़ा लौट रही थी। कार में विजय सिंह पुत्र हर सिंह सहित पांच लोग सवार थे। जैसे ही कार टॉडा जंगल के पास मोड़ से आगे पहुँची, एक ट्रक सड़क के बीचोंबीच बिना किसी इंडीकेशन या संकेत चिन्ह के खड़ा था। उससे कुछ आगे चल रही एक पिकअप के चालक ने लापरवाही से अचानक ब्रेक लगाकर वाहन सड़क पर खड़ा कर दिया। कार के चालक ने टक्कर से बचने की कोशिश की, लेकिन वह पिकअप से टकराते हुए सीधे ट्रक से जा भिड़ी। हादसे में विजय सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पंकज सिंह पुत्र श्री शेर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए विवेकानंद अस्पताल रेफर किया गया। वह इस वक्त जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा है। मृतक विजय सिंह के भाई मुकेश सिंह ने इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है और दोनों वाहनों के चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। दोनों मामलों में पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और वाहन चालकों की तलाश के लिए जांच तेज कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पड़ोसी से अपनी व अपने परिवार की जान माल व सुरक्षा की गुहार लगाई

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एक महिला ने पुलिस को तहरीर सौंप कर पड़ोस में रहने वाले पड़ोसी से अपनी व अपने परिवार की जान माल व सुरक्षा की गुहार लगाई है।

पुलिस ने आरोपी पड़ोसियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में नवाबी रोड कुलियालपुरा गली नंबर 8 निवासी रूपा देवी पत्नी उमेश चौहान ने कहा है कि उसका पुत्र रूद्र सिंह अपने घर के पास खड़ा था इसी बीच पड़ोस में रहने वाले आशीष पुत्र बृजमोहन ने उसके साथ गाली गलौज करना शुरू कर दी जब उसके पुत्र ने इसका विरोध किया तो आशीष का मामा सूरज,मामी पूनम, व बहिन वर्षा घर से बाहर आकर मेरे पुत्र को गाली गलौज करने लगे जिससे काफी शोरगुल हो गया शोर गुल सुनकर कर मेरे पति व पुत्री यति चौहान घर से बाहर आ गए जहां आशीष,ओर उसके मामा,मामी,बहिन ने मेरे पति पुत्र पुत्री के ऊपर लाठी डंडों से प्रहार कर दिया जिससे मेरे पति गंभीर रूप से घायल हो गए यह देख पड़ोस में रहने वाले योगेश गोस्वामी ने मौके पर पहुंचकर बिग बचाओ कराया मेरे पति बेस चिकित्सालय से अपना उपचार करा कर जब पुलिस थाने जा रहे थे तब चारों ने फिर से मेरे पति को घेर लिया और जान से मारने की धमकी दे डाली जिससे मैं और मेरे परिवार के लोग भयभीत हैं। पुलिस ने टिहरी के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है वहीं पूनम देवी पत्नी सूरज ने पड़ोस में रहने वाले रूद्र सिंह के ऊपर अपनी भांजी के साथ छेड़छाड़ व परिवार के ऊपर मार पीट गाली गलौज का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग है कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि मामले में दोनों की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों मुकदमों की जांच की जा रही है जो भी आरोपी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# मल्लीताल बाजार में विशेष स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर पालिका परिषद नैनीताल, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के सहयोग से शहरी विकास विभाग उत्तराखंड एवं भारत सरकार की पहल सफाई अपनाओ- बीमारी भगाओ एवं स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत रविवार को मल्लीताल बाजार में विशेष स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

अभियान का नेतृत्व पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल,अधिशासी अधिकारी रोहताश शर्मा,वार्ड सभासद मुकेश जोशी, मुखय सफ ाई निरीक्षक सुनित कुमार, सुपरवाइजर दिनेश तथा धर्मेश व उप राजस्व निरीक्षक विनोद ने किया। इस दौरान नालियों की विशेष रुप से सफाई की गयी,खास बात यह रही कि अभियान के तहत नालियों में से काफी मात्रा में कूड़ा निकाला गया। स्थानीय लोगों विशेषकर दुकानदारों से गुजारिश की गयी कि वह किसी भी दशा में कूड़ा नालियों में न डाले,कूड़े को कूड़ादान में ही डाले। सभासद मुकेश जोशी ने कि जन चेतना के माध्यम से ही वार्ड को काफी हद तक साफ व स्वच्छ रखा जा सकता है। कहा कि इस पुनीत कार्य में वार्डवासियों के विशेष सहयोग की काफी जरुरत है।




## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन


**अल्मोड़ा।** कारगिल विजय (शौर्य) दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर छावनी परिषद स्थित शहीद स्मारक पर कारगिल शहीदों को याद किया गया। गैरीसन अल्मोड़ा की सैन्य टुकड़ी ने शहीदों के सम्मान में सलामी दी। प्रशासन, जन प्रतिनिधियों समेत सैन्य, पुलिस अधिकारियों और लोगों ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने कारगिल युद्ध में जवानों के शौर्य को याद किया।

# कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 124 वें एपिसोड को बुथ 120 बनभूलपुरा लाइन न0 16 में हज कमेटी की सदस्य तरन्नुम खान के आवास पर सुना।



प्रधानमंत्री जी ने 124 वें संस्करण की मन की बात में नागरिकों को फिर से एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। प्रधानमंत्री ने जनशक्ति, सकारात्मक सोच और संकल्प को भारत की सबसे बड़ी ताकत बताया। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा इसरार अहमद, निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष विनोद जयसवाल भाजपा कार्यकर्ता सानू खान निजामुद्दीन नाजिम मिन्टू कपिला मोबिना उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद रुद्रपुर की ओर से तीज उत्सव धूमधाम से मनाया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

भारत विकास परिषद, रुद्रपुर शाखा की ओर से तीज उत्सव का कार्यक्रम रामपुर रोड एक होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद और भारत माता के चित्रों पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान वन्देमातरम राष्ट्रगीत छोटे बच्चों ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम में महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सफल बना दिया। किए। मंच का सफल संचालन महिला सहभागिता संयोजीका नीतू अग्रवाल, सहसंयोजिका रीना अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। तीज उत्सव में मुख्य



आकर्षण में महिलाओं ने रखी गई क्विज,लकी ड्रा, हल्द्वानी से नूपुर कला केंद्र ने प्रस्तुत किए। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम,परिषद के बच्चों ने भी गणेश वंदना का कार्यक्रम समेत अन्य प्रस्तुतियां प्रस्तुत किए।

इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोड़ा,प्रांतीय उपाध्यक्ष दीपक अरोरा,प्रांतीय वित्त सचिव अमित गंभीर, प्रांतीय संयोजक पर्यावरण विष्णु सक्सेना, प्रांतीय स्थापना दिवस संयोजिका पारुल गुप्ता,शाखा अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, सचिव जतिन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शक्ति बाठला, रेखा अरोड़ा, गुंजन खेड़ा,नीतू सिंघल, प्रीति अग्रवाल,प्रियंका अग्रवाल समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।